प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 बुधवार दिनांक 10.09.2025

मुख्य समाचारः–

- इस वर्ष छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर रायपुर में होने वाले राज्योत्सव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी होंगे शामिल–मुख्यमंत्री ने दी जानकारी।

- केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने आज नई दिल्ली में दुनिया के पहले डिजिटल जनजातीय विश्वविद्यालय–आदि संस्कृति का शुभारंभ किया।

- कांकेर जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में आठ लाख रूपये का एक इनामी माओवादी मारा गया।

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल बस्तर में छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट का शुभारंभ करेंगे।

<u>पीएम दौरा–मुख्यमंत्री</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस वर्ष रायपुर में आयोजित होने जा रहे राज्योत्सव में शामिल होंगे। इसके लिए श्री मोदी ने स्वीकृति भी दे दी है। यह जानकारी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान दी। उन्होंने कहा कि इस साल छत्तीसगढ़ अपनी स्थापना के पच्चीस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष मना रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ का गठन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था, इसलिए इस वर्ष को अटल निर्माण वर्ष घोषित किया गया है। यह उत्सव अगले पच्चीस हफ्तों तक अलग–अलग कार्यक्रमों के जरिए मनाया जाएगा।

## आदि संस्कृति

केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने आज नई दिल्ली में दुनिया के पहले डिजिटल जनजातीय विश्वविद्यालय–आदि संस्कृति का शुभारंभ किया। श्री उइके ने कहा कि आदि संस्कृति एक डिजिटल अकादमी और ई–लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म है, जो राष्ट्रीय और वैश्विक दर्शकों के लिए आदिवासी कला, संस्कृति, शिल्प और जानकारी का एक ऑनलाइन बाज़ार है। उन्होंने कहा कि यह सांस्कृतिक संरक्षण और आजीविका के नए अवसर सृजित करेगा।

## अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल रायपुर में श्रम विभाग द्वारा श्रमिक बच्चों के लिए संचालित "अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना" का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा का मार्ग प्रशस्त हुआ है। श्री साय ने घोषणा की कि अगले शैक्षणिक सत्र से इस योजना का लाभ दो सौ बच्चों को मिलेगा। इस योजना के तहत श्रमिकों के बच्चों को कक्षा छठवीं से बारहवीं तक श्रेष्ठ आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त होगी। इसका पूरा खर्च श्रम विभाग द्वारा वहन किया जाएगा।

## आदिवासी विकास प्राधिकरण–बैठक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज कोरबा में मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक हुई। बैठक में सामाजिक–आर्थिक मुद्दों पर विशेष जनजाति, जनजातियों के आर्थिक मूलक कार्यों की समीक्षा करने के साथ ही अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह के साथ ही पंद्रह जिलों के कलेक्टर और सीईओ तथा प्राधिकरण के सदस्य शामिल हुए।

बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री साय ने कहा कि कोरबा में बालक, बालिका क्रीड़ा परिसर, एक्वा पार्क सहित कई अन्य कार्यों को स्वीकृति दी गई है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की राशि को पचास करोड़ से बढ़ाकर पचहत्तर करोड़ रूपये कर दिया गया है।

## राहवीर योजना–पुरस्कार राशि

केन्द्र सरकार की राहवीर योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले राहवीरों को पच्चीस हजार रूपए की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। यह पुरस्कार एक राहवीर को अधिकतम पांच बार मिल सकेगा। छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की आज मंत्रालय में हुई बैठक में राहवीर योजना की समीक्षा करते हुए परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले राहवीरों को स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

बैठक में उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा ने कहा कि इस योजना के बेहतर क्रियान्वयन में स्वयंसेवी संगठनों का सहयोग लिया जाए और स्कूल तथा कॉलेजों में भी विद्यार्थियों को जागरूक किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यातायात संबंधी नियमों का सख्ती से पालन कराने के भी निर्देश दिए।

माओवादी मुठभेड़

कांकेर जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में आठ लाख रूपये का एक इनामी माओवादी मारा गया है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के. एलिसेला ने बताया कि घटनास्थल से माओवादी के शव के अलावा एक थ्री नॉट थ्री रायफल सहित अन्य माओवादी सामग्री बरामद की गई है।

उन्होंने बताया कि मारे गए माओवादी की पहचान मिलिट्री कंपनी सदस्य मासा के रूप मे की गई है।

जीएसटी–फायदें

देश में वस्तु और सेवा कर–जीएसटी सुधार के तहत नई दरें इस महीनें की बाईस तारीख से लागू हो जाएंगी। केन्द्र सरकार के इस निर्णय से छत्तीसगढ़ के कपड़ा व्यावसायियों को भी इस बार त्योहारों के मौके पर अच्छे व्यापार की उम्मीद है।

रायपुर के पंडरी स्थित थोक कपड़ा व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष चंदर विधानी ने कहा कि जीएसटी में किए गए सुधार स्वागत योग्य है।

वन्यजीव कल्याण बोर्ड–बैठक

छत्तीसगढ़ में बाघों की संख्या पिछले तीन वर्षों में दोगुनी हो गई है। वर्ष दो हजार बाईस में बाघों की संख्या सत्रह थी, जो अब बढ़कर पैंतीस हो गई। यह जानकारी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव कल्याण बोर्ड की पंद्रहवीं बैठक में दी गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में वन्य प्राणियों का संरक्षण और संवर्धन राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

छत्तीसगढ़ के प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव अरूण पांडेय ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि छत्तीसगढ़ में वन्यजीवों के संरक्षण के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं।

<u>छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल बस्तर में छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट का शुभारंभ करेंगे। इन्वेस्टर कनेक्ट का उद्देश्य उद्योग और निवेश को केवल आर्थिक गतिविधियों तक सीमित न रखकर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सशक्तिकरण जैसे मूलभूत क्षेत्रों से जोड़ना है। राज्य सरकार के अनुसार यह आयोजन क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को नई गति देने के साथ ही अवसरों के नए द्वार खोलने वाला साबित होगा।

<u>चांदी–बरामद</u>

कबीरधाम जिले की सहसपुर–लोहारा पुलिस ने मोबाइल चेकिंग के दौरान एक कार से दो सौ बाईस किलो से ज्यादा के चांदी की सिल्ली और जेवर बरामद किए हैं। जब्त चांदी की कीमत करीब दो करोड़ छप्पन लाख रूपये से अधिक बताई गई है।

<u>सड़क सुरखा समिति–बैठक</u>

रायपुर जिले में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय तथा माय भारत, युवा कार्य और खेल मंत्रालय के संयुक्त 'सड़क सुरक्षा मित्र' कार्यक्रम को तेजी से लागू किया जाएगा। आज राजधानी में कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में माय भारत के उप निदेशक अंकित तिवारी ने बताया कि इस पहल के तहत युवा स्वयंसेवकों को माय भारत प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा। ये स्वयंसेवक भीड़ प्रबंधन के साथ ही

ब्लैक स्पॉटों की पहचान कर उनमें सुधार करने में अपना सहयोग देंगे।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, दक्षिण छत्तीसगढ़ में भारी से अति भारी बारिश होने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग ने कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका जताई है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री ने बताया कि अगले चार दिनों के दौरान छत्तीसगढ़ में मानसून की गतिविधियां तेज होंगी।

इस बीच, आज दोपहर बाद राजधानी रायपुर में गरज–चमक के साथ तेज बारिश हुई। इस दौरान राजेन्द्र नगर इलाके में आकाशीय बिजली गिरने से एक स्कूली छात्र की मृत्यु हो गई।

वहीं, सुकमा जिले में भी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ का एक जवान झुलस गया है।

समाचार संक्षेप में ...

- रायपुर स्थित कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय ने छत्तीसगढ़ के नौ बड़े चूककर्ता संस्थानों की सूची जारी की है, जिन पर कुल ग्यारह करोड़ चौबीस लाख रूपये से ज्यादा की राशि बकाया है। इन संस्थानों के खिलाफ संपत्ति कुर्क करने के साथ ही बैंक खाते अटैच करने जैसी कार्रवाई प्रस्तावित है।

- जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र मुंगेली द्वारा जमकोर गांव स्थित लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में कल ग्यारह सितम्बर को सुबह ग्यारह बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><>